# दिनांक 26 नवम्बर 2025 को प्रकाशित समाचार पत्र

## मुख्य विषय

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं मंत्री श्री विश्वास सारंग की उपस्थिति में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मल्टीपर्पज़ स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का लोकार्पण एवं अमृत योजना 2.0 का शुभारंभ
- जर्मन फुटबॉल कोच डाइटमर बायर्सडॉर्फर की मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात—'मिनी ब्राज़ील' विचारपुर के खिलाड़ियों ने साझा की जर्मनी प्रशिक्षण यात्रा की उपलब्धियाँ
- 8वीं इंटर स्टेट चैलेंजर्स व 45वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप का होगा भव्य आगाज़

# दिनांक 26 नवम्बर 2025 को प्रकाशित समाचार पत्र

# दैनिक भास्कर, भोपाल

**मुख्यमंत्री** डॉ. मोहन यादव ने 194 करोड़ रुपए के भूमिपूजन व लोकार्पण किए, कोलार-बैरागढ़ क्षेत्रों को फायदा

## कोलार में बनेगा स्पोर्ट्स स्टेडियम, दशहरा मैदान और कजलीखेड़ा में थाना

### सीएम ने कहा- कोलार में हर तरफ विकास हो रहा

विशेष संवाददाता | भोपाल

कटारा-बर्रई में दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर नया स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और कोलार में 16 एकड़ जमीन पर नया दशहरा मैदान बनाया जाएगा। दोनों कार्यों पर लगभग 25 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यह घोषणा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को कोलार में की। इसी दौरान उन्होंने कजलीखेड़ा में थाने के निर्माण को भी मंजूरी दी।

सीएम ने कुल 194 करोड़ रुपए के तीन कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया, जिनमें कोलार और बैरागढ़ में 155 करोड़ की लागत से सीवेज सिस्टम, कटारा-बर्रई में 29 करोड़ से बने सांदीपनि स्कूल और बंजारी में 10 करोड़ से निर्मित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम शामिल हैं।

सीएम ने कहा- सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि, फर्स्ट क्लास नौकरी और आउट ऑफ टर्न प्रमोशन दे रही है। सीएम ने विधायक रामेश्वर शर्मा की तारीफ करते हुए कहा कि उनके क्षेत्र में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं, चाहे बरखेड़ा का खेल स्टेडियम हो या सात ऐतिहासिक दरवाजों का निर्माण। यह भोपाल के अतीत को दर्शाएंगे।

**700 किलोमीटर के सीवेज लाइन प्रोजेक्ट से दोनों क्षेत्रों के 9 वार्ड कवर होंगे**



कटारा-बर्रई में बने स्पोर्ट्स स्टेडियम का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री।

### कांग्रेस जो करती है, देश कीमत चुकाता है

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिनके नाम पर ये स्टेडियम बना है, वे जनसंघ के संस्थापक, शिक्षाविद् रहे हैं। उन्होंने धारा 370 जैसे कलंक को दुनिया के सामने बताया। नेहरूजी को भी इस बारे में बताया। चेताया भी, लेकिन वे माने नहीं, क्योंकि अंग्रेज चले गए, कांग्रेस छोड़ गए। कांग्रेस जो भी करती है, भविष्य में देश कीमत चुकाता है।

### 1.21 लाख घरों को फायदा

अमृत 2.0 के तहत 155 करोड़ की लागत से बनने वाला सीवेज सिस्टम नवंबर 2028 तक पूरा होगा। इससे 700 किमी क्षेत्र जुड़कर 1.21 लाख घर कनेक्ट होंगे। बैरागढ़ और कोलार के कुल 9 वार्डों को कवर किया जाएगा।

### कांग्रेसी नजरबंद रहे

सीएम कार्यक्रम से पहले कई कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने नजरबंद किया, क्योंकि वे स्मार्ट मीटर सहित कई मुद्दों पर ज्ञापन देने की तैयारी में थे। कांग्रेसियों ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर इसकी जानकारी दी।

# दिनांक 26 नवम्बर 2025 को प्रकाशित समाचार पत्र

# The Hitavada, Bhopal

## CM inaugurates key projects in Kolar

### Declares Rs 800 cr sports stadium for Bhopal

■ **Staff Reporter**

CHIEF Minister Dr Mohan Yadav on Tuesday inaugurated three major development and welfare projects worth Rs 194 crore in Shyama Prasad Mukherjee Nagar (Kolar) in Huzur Assembly constituency. The projects include newly constructed Sandipani School in Katara–Barrai, Dr Shyama Prasad Mukherjee Multi Sports Stadium in Kolar and several infrastructure works under AMRUT 2.0 scheme.

Sandipani School built at a cost of Rs 29 crore is expected to provide modern educational facilities and resources to students of the region.

Newly inaugurated multi-sports stadium on nine acres of land, developed at a cost of Rs 11.50 crore will offer training and practice facilities for youth and aim to promote interest in both modern and traditional sports, including Kabaddi, Mallakhamb and horse riding.

The stadium is expected to act as a platform for nurturing future sports talent from Bhopal and surrounding areas. Under AMRUT 2.0, infrastructure works worth Rs 155 crore were launched, including construction of a 700-kilometre sewage network, nine sewage treatment plants with a total capacity of 171 MLD and 1,21,000 household sewage connections.

Once completed, the project is expected to expand Bhopal's sewage network by around 60 per cent and meet 85 per cent of the city's sewage treatment requirements for 2040, benefiting approximately seven lakh residents. In addition to the inaugurations, the Chief Minister announced construction of an Rs 800 crore mega sports stadium in Katara–Barrai in the name of Pandit Deendayal Upadhyay.


He also announced a new 16-acre Dussehra ground in Shyama Prasad Mukherjee Nagar and a new police station in Kajlikheda to strengthen law and order in Kolar.

Seven grand entry gates named after prominent personalities will also be constructed on major roads in Bhopal, including one dedicated to Raja Bhoj, while the foundation stone for Vikramaditya Gate on Indore–Sehore Road will be laid on December 13.

Addressing the gathering at the Vikas Parv programme in Banjari area, Dr Yadav highlighted role of these projects in promoting education, sports and civic infrastructure.

Sports and Youth Welfare Minister Vishwas Kailash Sarang said the projects demonstrate the Government's focus on balanced development, including education and sports, while School Education Minister Uday Pratap Singh noted that Sandipani Schools are being established across the State to enhance education quality. Huzur MLA Rameshwar Sharma said the multi-sports stadium will provide training opportunities in 18 different games for local youth.

The event was attended by Minister of State Krishna Gaur, Bhopal Mayor Malti Rai, MLA Bhagwandas Sabnani.



Chief Minister Dr Mohan Yadav inaugurated Dr Shyama Prasad Mukherjee Multi Sports Stadium in Kolar on Tuesday.

# दिनांक 26 नवम्बर 2025 को प्रकाशित समाचार पत्र

# हरिभूमि, भोपाल

### मुखर्जी नगर में डॉ. यादव ने दी 194 करोड़ रुपए की सौगातें

## कोलार में श्रीराम लीला मैदान तो कटारा में बनेगा दीनदयाल स्टेडियमः मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विकास के लिए चर्चित रहने वाली भोपाल की हुजूर विधानसभा में मंगलवार का दिन ऐतिहासिक सौगातों से भरा रहा। विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा मुखर्जी नगर कोलार के बंजारी मैदान में आयोजित 'विकास पर्व' कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की मुख्य उपस्थिति में क्षेत्र को 194 करोड़ से अधिक की विकास की सौगात मिली।

विकास पर्व को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि कटारा बरई में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नाम से स्टेडियम बनाया जाएगा, वहीं कोलार में पांच करोड़ से श्रीराम लीला मैदान बनाया जाएगा। साथ ही कोलार में जल्द ही नया कजलीखेड़ा थाना भी खुलेगा। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में 29 करोड़ की लागत से निर्मित सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण, 10 करोड़ की लागत से विकसित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम का लोकार्पण एवं अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत 155 करोड़ की लागत से व्यापक सीवेज परियोजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, मंत्री राव उदयप्रताप सिंह, राज्यमंत्री कृष्णा गौर, विधायक भगवानदास सबनानी, भाजपा जिला अध्यक्ष रविंद्र यति, महापौर मालती राय, निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी तथा नागरिक उपस्थित रहे।




### विकास पर्व के लिए 25 नवंबर से बड़ा दिन नहीं हो सकताः रामेश्वर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि आज जब मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में 194 करोड़ के विकास कार्यों का शुभारंभ हो रहा है तो दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अभिजीत मुहूर्त में श्रीराम मंदिर पर भगवा ध्वज फहरा रहे हैं। निश्चित रूप से विकास पर्व के लिए आज 25 नवंबर से बड़ा दिन कुछ नहीं हो सकता। रामेश्वर ने गुरु तेगबहादुर के शहीदी दिवस पर उन्हें नमन करते हुए उनके राष्ट्र और धर्म के प्रति समर्पण से प्रेरणा लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि हुजूर विधानसभा में विकास कोई चुनावी वादा नहीं, बल्कि नागरिकों के प्रति हमारा संकल्प है। आज जो सौगात मिली हैं, वह शिक्षा, स्वच्छता, खेल और अधोसंरचना सभी क्षेत्रों में लंबे समय तक प्रभाव डालने वाली है।



# दिनांक 26 नवम्बर 2025 को प्रकाशित समाचार पत्र

# दैनिक जागरण, भोपाल

## मुखर्जी नगर कोलार को मिली 194 करोड़ की सौगातें

### मुख्यमंत्री ने किया अनेक परियोजनाओं का लोकार्पण व भूमिपूजन



भोपाल। विकास को लेकर लगातार सुर्खियों में रहने वाली हुजूर विधानसभा के लिए मंगलवार का दिन ऐतिहासिक रहा। विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा मुखर्जी नगर कोलार के बंजारी मैदान में आयोजित 'विकास पर्व' कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मुख्य उपस्थिति में क्षेत्र को 194 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात मिली। कार्यक्रम में 29 करोड़ की लागत से निर्मित सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण, 10 करोड़ रुपये की लागत से विकसित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम का उद्घाटन एवं अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत 155 करोड़ रुपये की लागत से व्यापक सीवेज परियोजना का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, राज्यमंत्री कृष्णा गौर, विधायक भगवानदास सबनानी, भाजपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति, तीरथ मीना, महापौर मालती राय, निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेषकर बड़ी संख्या में युवक-युवतियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कटारा-बर्रई क्षेत्र में 29 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण मुख्यमंत्री की उपस्थिति में किया गया। अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह विद्यालय कोलार क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का नया आधार प्रदान करेगा। परिसर, अधोसंरचना, स्मार्ट कक्षाओं और उन्नत शिक्षण मॉडल के कारण यह विद्यालय क्षेत्र में शैक्षणिक विकास की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। 100 करोड़ की लागत से तैयार डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम का भी लोकार्पण हुआ। 5 लाख से अधिक की आबादी के मध्य स्थित यह स्टेडियम आधुनिक खेल सुविधाओं से युक्त है। यहाँ क्रिकेट, फुटबॉल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेनिस, टेबल टेनिस, खो-खो, कबड्डी, जिमनास्टिक, सिर मलखंब, स्केटिंग, बॉक्सिंग रिंग, शतरंज, रस्साकशी सहित अनेक खेलों के लिए प्रशिक्षण और अभ्यास की व्यवस्था की गई है। स्थानीय खेल प्रतिभाओं को निखारने में यह संरचना निर्णायक साबित होगी। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत 155 करोड़ रुपये की सीवेज परियोजना का शुभारंभ किया गया। इस परियोजना के अंतर्गत हुजूर विधानसभा के वार्ड 4, 5, 6, 80, 81, 82, 83, 84 और 85 में सीवेज नेटवर्क बिछाने का कार्य शुरू होगा। योजना में 165 किलोमीटर सीवेज नेटवर्क, 5 एसटीपी, 5 पंपिंग स्टेशन और 20 हजार से अधिक घरेलू सीवेज कनेक्शन जोड़े जाएंगे, जिससे लगभग 2 लाख की आबादी लाभान्वित होगी। इसके पूरा होने पर क्षेत्र में स्वच्छता, जल निकासी और पर्यावरण संरक्षण की स्थिति मजबूत होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेज गति से विकास कर रहा है और इसी मार्ग पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव मध्यप्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। शर्मा ने कहा कि आज 194 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात मिलना और इसी समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राम मंदिर पर भगवा ध्वज फहराना-इससे बड़ा शुभ दिन विकास पर्व के लिए संभव नहीं हो सकता।

# दिनांक 26 नवम्बर 2025 को प्रकाशित समाचार पत्र

# अमर उजाला, भोपाल

## पं. दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर राजधानी के कटारा-बर्रई में बनेगा बड़ा स्पोर्ट्स स्टेडियम : डॉ. मोहन यादव

अमर उजाला ब्यूरो

### मुख्यमंत्री ने कोलार में किया श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम का लोकार्पण

**9 एकड़ में 11.50 करोड़ की लागत से हुआ तैयार**

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर (कोलार) में आयोजित विकास पर्व कार्यक्रम में भाग लिया और 194 करोड़ रुपये की लागत के कई बड़े विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इसमें कोलार में नवनिर्मित श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम शामिल है।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हुजूर विधानसभा क्षेत्र के कटारा-बर्रई में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर बड़ा स्पोर्ट्स स्टेडियम बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह स्टेडियम भोपाल और आसपास के युवाओं के लिए आधुनिक खेल प्रशिक्षण और प्रैक्टिस का केंद्र बनेगा और भविष्य के चैंपियंस को लॉन्च पैड मुहैया कराएगा। बता दें, कोलार में नौ एकड़ भूमि पर तैयार आधुनिक स्टेडियम की लागत 11 करोड़ 50 लाख रुपये है। राज्य सरकार पारंपरिक खेलों जैसे मलखंभ, कबड्डी और घुड़सवारी को भी प्रोत्साहित कर रही है, ताकि खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ी वाटर स्पोर्ट्स, शूटिंग, हॉकी, क्रिकेट, घुड़सवारी और मलखंभ जैसे खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके साथ ही सरकार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक विजेताओं को राजपत्रित पदों पर नौकरी भी प्रदान कर रही है।



**16 एकड़ में बनेगा नया दशहरा मैदान :** मुख्यमंत्री ने कोलार में 16 एकड़ भूमि पर नया दशहरा मैदान बनाने और बेहतर कानून व्यवस्था के लिए कजलीखेड़ा में नया थाना बनाने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गुंडा-नियंत्रण के लिए सरकार सख्त कार्रवाई कर रही है। इसके अलावा, भोपाल शहर के प्रमुख मार्गों पर महापुरुषों के नाम पर 7 भव्य द्वार बनेंगे, जिनमें 13 दिसंबर को इंदौर-सीहोर मार्ग पर भव्य विक्रमादित्य द्वार का भूमिपूजन किया जाएगा, जबकि भोपाल में एक द्वार राजा भोज को समर्पित किया जाएगा।

### सांदीपनि विद्यालय कटारा-बर्रई में लोकार्पित

समारोह के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव के करकमलों से 29 करोड़ रुपये लागत का नवनिर्मित सांदीपनि विद्यालय कटारा-बर्रई में लोकार्पित किया गया, जहां छात्रों को आधुनिक शिक्षा सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध होंगे। साथ ही मुख्यमंत्री ने 155 करोड़ रुपये लागत से अमृत 2.0 परियोजना के तहत भोपाल में सीवेज नेटवर्क, 9 सीवेज उपचार संयंत्र और 1.21 लाख घरेलू सीवेज कनेक्शन का शुभारंभ किया। इस परियोजना के पूरा होने से भोपाल का सीवेज नेटवर्क 60 प्रतिशत तक बढ़ जाएगा और उप चार क्षमता में वृद्धि होगी, जिससे लगभग 7 लाख लोग सीधे लाभान्वित होंगे।

# दिनांक 26 नवम्बर 2025 को प्रकाशित समाचार पत्र

# राज एक्सप्रेस, भोपाल

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर कटारा बर्रई में बनेगा स्पोर्ट्स स्टेडियम : मुख्यमंत्री

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर (कोलार) में बनाया जाएगा नया दशहरा मैदान, कजलीखेड़ा में खुलेगा नया थाना

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार गरीब, किसान, महिला एवं युवा कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हुजूर विधानसभा क्षेत्र के श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर (कोलार) में 194 करोड़ रुपए लागत के विकास और जनकल्याण के तीन बड़े कार्य भोपालवासियों को समर्पित किए जा रहे हैं। इसमें कटारा-बर्रई क्षेत्र में नवनिर्मित सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण, कोलार में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मल्टी स्पोर्ट्स स्टेडियम का लोकार्पण और अमृत 2.0 के अंतर्गत अधोसंरचना निर्माण कार्य का शुभारंभ शामिल है। वहीं कटारा-बर्रई में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नाम से बड़ा स्पोर्ट्स स्टेडियम बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री मंगलवार को श्यामा. प्रसाद मुखर्जी के नाम से मुखर्जी नगर (कोलार) के बंजारी क्षेत्र में आयोजित विकास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।सीएम ने कहा कि कोलार क्षेत्र में आधुनिक खेल परिसर 9 एकड़ भूमि में 11 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से तैयार किया गया है। इस खेल परिसर से भोपाल और आसपास के युवाओं को ट्रेनिंग और प्रैक्टिस की सुविधा मिलेगी और खेलों के प्रति युवाओं का रुझान बढ़ेगा। आधुनिक खेल स्टेडियम भविष्य के चैंपियंस का लॉन्च पैड बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार मलखंब, कबड्डी, घुड़सवारी जैसे हमारे पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित कर रही है।



प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में स्पोर्ट्स स्टेडियम का निर्माण करवाया जा रहा है, जिससे खिलाड़ियों की प्रतिभा निखर कर सामने आ सके और वे राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश का नाम रोशन करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ी वॉटर स्पोर्ट्स, शूटिंग, हॉकी, क्रिकेट, घुड़सवारी, मलखम्ब जैसे खेलों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में प्रदेश के पदक विजेता खिलाड़ियों को राजपत्रित पदों पर शासकीय नौकरी भी दी जा रही है। सीएम ने कहा कि 29 करोड़ रुपए की लागत से कटारा-बर्रई में नवनिर्मित सांदीपनि विद्यालय से क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिकतम शिक्षा सुविधा और संसाधन उपलब्ध होंगे।

### प्रदेश में समग्र विकास की नई धारा

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में समग्र विकास की नई धारा को आगे बढ़ाया है। शहरों के अधोसंरचना विकास, शालेय शिक्षा और खेल को समान महत्व देते हुए कोलार क्षेत्र में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और सांदीपनि विद्यालय के साथ 155 करोड़ रुपए से अधिक लागत की सीवेज लाइन की सौगात भी मिल रही है। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव लगातार प्रदेश में किसी न किसी स्थान पर सांदीपनि विद्यालय की सौगात दे रहे हैं। हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के गरीब, किसान सहित हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है।

### 700 किमी का सीवेज नेटवर्क

मुख्यमंत्री ने बताया कि 155 करोड़ रुपए की लागत से अमृत 2.0 परियोजना के विभिन्न कार्यों का शुभारंभ किया जा रहा है। इसमें 700 किलोमीटर का सीवेज नेटवर्क, 171 एमएलडी के 9 सीवेज उपचार संयंत्रों का निर्माण और 1 लाख 21 हजार घरेलू सीवेज कनेक्शन का संयोजन शामिल है। यह पूरी परियोजना चार पैकेज में क्रियान्वित होगी। इन कार्यों के पूर्ण होते ही भोपाल का सीवेज नेटवर्क 60 प्रतिशत तक बढ़ जाएगा और उपचार क्षमता में भी वृद्धि होगी, जो भोपाल शहर में वर्ष 2040 की आवश्यकता का 85 प्रतिशत है। अमृत 2.0 परियोजना के पूर्ण होने से भोपाल की लगभग 7 लाख आबादी सीधे लाभान्वित होगी और यह परियोजना 3 वर्ष में पूर्ण कर ली जाएगी।

## दिनांक 26 नवम्बर 2025 को प्रकाशित समाचार पत्र

# जबलपुर एक्सप्रेस, भोपाल

# सीएम ने कोलार को दिए 194 करोड़ के विकास कार्य, स्टेडियम का लोकार्पण



सीएम डॉ. मोहन यादव ने स्टेडियम का लोकार्पण किया। साथ हैं मंत्री राव उदयप्रताप सिंह, विधायक रामेश्वर शर्मा और विधायक भगवान दास सबनानी।

### 155 करोड़ की अमृत 2.0 सीवेज परियोजना का शुभारंभ

सीएम की उपस्थिति में अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत 155 करोड़ की सीवेज परियोजना की औपचारिक शुरुआत की गई। अमृत योजना 2.0 के अंतर्गत 155 करोड़ से हुजूर विधानसभा के वार्ड 4, 5, 6 एवं 80, 81, 82, 83, 84 एवं 85 में सीवेज कार्य का भी शुभारंभ किया गया।

25 नवंबर का दिन ही चुना : इस मौके पर विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि जब पीएम नरेंद्र मोदी श्रीराम मंदिर पर भगवा ध्वज फहरा रहे हैं। निश्चित रूप से विकास पर्व के लिए 25 नवंबर से बड़ा दिन कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने गुरु तेगबहादुर के शहीदी दिवस पर उन्हें नमन भी किया।

### इन खेलों की होगी सुविधा

क्रिकेट, फुटबॉल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेनिस, टेबल टेनिस, खोखो, कबड्डी, जिम्नास्टिक, मलखम्भ, स्केटिंग, बॉक्सिंग आदि। सीएम ने यहां कहा कि कटारा हिल्स बर्रई में स्टेडियम और कोलार में 5 करोड़ से श्रीराम लीला मैदान बनाया जाएगा। कोलार में नया कजलीखेड़ा थाना खोला जाएगा।

### 29 करोड़ से बने सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण

कार्यक्रम में कटारा बर्रई क्षेत्र में 29 करोड़ की लागत से निर्मित सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण किया गया। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह स्कूल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का नया आधार बनेगा। शिक्षा मॉडल को लेकर इसे क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि माना जा रहा है।

# दिनांक 26 नवम्बर 2025 को प्रकाशित समाचार पत्र

# फ्री प्रेस, भोपाल

## CM launches 3 devpt projects worth Rs 194 cr in Kolar




CM Mohan Yadav addresses Vikas-Parva in Huzur constituency on Tuesday. Ministers Vishvas Sarang, Krishna Gaur, Rao Udai Pratap Singh and MLA Rameshwar Sharma also present

**Our Staff Reporter**
BHOPAL

Chief minister Mohan Yadav launched three development projects worth Rs 194 crore in Kolar on Tuesday. They include inauguration of Sandipni School in Katara Barrai and Dr Shyama Prasad Mukerjee Multi Sports Stadium. Besides, foundation stone of infrastructure construction works under Amrit 2.0 was laid.

The modern sports complex in Kolar has been constructed at cost of Rs 11.50 crore. It will provide training to youths and increase their interest in sports.

Works under Amrit 2.0 project will cost Rs 155 crore. The works include 700-km sewage network, construction of 9 STPs of 171-LMD capacity. With completion of above works, Bhopal's sewage network will increase to 60%.

Yadav said seven gates will would be constructed on main routes of Bhopal, which would be named after great personalities. On completion of two years of his government, foundation stone will be laid for construction of Vikramaditya Gate on Indore-Sehore road on December 13.

### Sports stadium in Katara Barrai soon

Chief minister Mohan Yadav said a large sports stadium named after Pandit Deendayal Upadhyaya would be constructed in Katara Barrai (ward 85). He also announced to develop Dussehra ground on 16-acre land in Kolar. A new police station will be set up in Kajlikheda, Kolar, he added.

# दिनांक 26 नवम्बर 2025 को प्रकाशित समाचार पत्र

# नवदुनिया, भोपाल



# कोलार को मिला अपना स्टेडियम, अब कटारा में भी बनेगा

**शुभारंभ** ● मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने लोकार्पण समारोह में की घोषणा, एक साल तक स्कूल-कालेजों को रियायती दरों पर मिलेगी सुविधा

**मुख्यमंत्री बोले- यहां कांग्रेस की बुद्धि का तर्पण जलेगा**

## स्थानीय खिलाड़ियों की आवाज बना नवदुनिया

## क्षेत्रवासियों ने नवदुनिया को दिया धन्यवाद

# दिनांक 26 नवम्बर 2025 को प्रकाशित समाचार पत्र

# पत्रिका, भोपाल



मुख्यमंत्री ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम लोकार्पण समारोह में दी तीन बड़ी सौगात

## 155 करोड़ से तैयार होगा शहर का नया सीवेज नेटवर्क

शहर की 100 से ज्यादा कॉलोनियों का सीवेज खुले में नहीं बहेगा | अमृत परियोजना 2.0 सहित कोलार स्टेडियम, सांदीपनि स्कूल का उद्घाटन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल**. ग्रेटर भोपाल यानी नए शहर की 100 से ज्यादा कॉलोनी का सीवेज और गंदा पानी अब खुले में नहीं बहेगा। अमृत 2.0 प्रोजेक्ट के अंतर्गत पहली बार कोलार, कटारा हिल्स, बैरागढ़, लालघाटी सहित आउटर इलाकों में बनकर तैयार कॉलोनी के लिए 155 करोड़ से नया सीवेज नेटवर्क तैयार किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कोलार में आयोजित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम लोकार्पण समारोह में शहर को तीन बड़ी सौगात दीं। बहुप्रतिक्षित कोलार समर्पित स्टेडियम मिलने के साथ ही कटारा, बर्रई, बैरागढ़ में स्टेडियम बनाने की घोषणा की गई है। इसके अलावा कोलार में 16 एकड़ जमीन पर नया रामलीला मैदान बनकर तैयार किया जाएगा। शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कटारा में 29 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित कटारा हिल्स सांदीपनी स्कूल का शुभारंभ किया गया है।

विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि हुजूर विधानसभा क्षेत्र में पहली बार डेवलपमेंट के एक साथ 194 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट जमीन पर उतरे हैं, इससे शहर में नया इकोनामिकल जोन तैयार होगा।

### तीन साल में तैयार होगा नया नेटवर्क

अमृत परियोजना 2.0 के तहत 155 करोड़ रुपए की लागत से सीवेज सिस्टम परियोजना नवंबर 2028 तक पूरी होगी और इससे दो लाख की आबादी को फायदा मिलेगा। लाऊखेड़ी में एसटीपी बनाया जाएगा जबकि गुफा मंदिर, भैरवपुर, दीपड़ी छाप और बर्रई में पंपिंग स्टेशन बनेंगे। 100 से ज्यादा कॉलोनियों में 5284 मैन होल चैंबर और 10 हजार 568 चैंबर बनाए जाएंगे। पहले चरण में इससे करीब 30 हजार घरों को सीवेज कनेक्शन मिलेगा।

### सौगातों में ये भी शामिल

- बंजारी में 10 करोड़ की लागत से निर्मित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम।
- कटारा-बर्रई में दीनदयाल स्टेडियम बनाने की घोषणा।
- बैरागढ़ में खेल स्टेडियम के लिए भूमि देने।
- कोलार में 16 एकड़ में राम लीला मैदान बनाने की भी घोषणा की गई।

### इन इलाकों में मिलेंगे सीवेज कनेक्शन

- कोलार में दामखेड़ा, महाबली नगर, बैरागढ़ चिचली, सिंगापुर सिटी, जेके टाउन, गणपति इन्क्लेव, सनखेड़ी, राजदेव कॉलोनी, वंदना होम्स,भैरवपुर, बर्रई, इंडस, चिनार।
- कटारा हिल्स में सिल्वर स्टेट वर्टिका, गौरीशंकर बीडीए, गोल्डन फ्लावर सिटी, सागर गोल्डन पॉम, 11 मील, नटराज फेस-1, 2 और 3, दीप मोहिनी, शीतल बंगलो, अमलतास, सिग्नेचर-1 और 2, इम्पिरियल हाइट्स, सिग्नेचर 360 और आसपास के इलाके।
- बैरागढ़ में फाटक रोड, लेक सिटी, सीआरपीएफ क्षेत्र, गुरुद्वारा, जोन ऑफिस के पीछे का इलाका, सब्जी मंडी, पंजाब नेशनल बैंक रोड, गिडवानी पार्क, राजेंद्र नगर, शांतिनगर, इंदिरा नगर, राजीव नगर, संत हिरदाराम नगर।
- लालघाटी में हलालपुरा, नयापुरा, चंचल चौराहा, कम्युनिटी हॉल, बस स्टैंड, स्टेशन रोड, सैनिक कॉलोनी, जैन नगर, ओम नगर, सावन नगर, विजय नगर, रमा कॉलोनी और विद्युन नगर समेत आसपास की सभी कॉलोनियां शामिल हैं।

### सीबीएसई की तर्ज पर शहर में अब आठ सांदीपनि स्कूल

सीबीएसई की तर्ज पर शहर में अब आठ सांदीपनि स्कूल होंगे। नया स्कूल कटारा हिल्स में 29 करोड़ रुपए की लागत से बनकर तैयार हो चुका है। यहां स्कूल शिक्षा विभाग जल्द ही प्रवेश की प्रकिया शुरू करने जा रहा है। इन स्कूलों में प्राइवेट की तर्ज पर आधुनिक सुविधाएं देने का दावा किया जाता है।

जनसुनवाई : अपर कलेक्टर ने सुनीं 100 अ

# दिनांक 26 नवम्बर 2025 को प्रकाशित समाचार पत्र

# स्वदेश ज्योति , भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल के कोलार क्षेत्र में किया विकास पर्व को संबोधित

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर कटारा बर्रई में बनेगा बड़ा स्पोर्ट्स स्टेडियम: मुख्यमंत्री

- डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मल्टी स्पोर्ट्स स्टेडियम का हुआ लोकार्पण
- श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर में 16 एकड़ भूमि पर बनेगा नया दशहरा मैदान
- श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर के कजलीखेड़ा क्षेत्र में खुलेगा नया थाना
- इन्दौर-सीहोर मार्ग पर 13 दिसंबर को विक्रमादित्य द्वार का भूमिपूजन
- मुख्यमंत्री ने 194 करोड़ रुपए विकास कार्यों का शुभारंभ और लोकार्पण किया
- अमृत 2.0 के अंतर्गत 155 करोड़ रुपए लागत के निर्माण कार्यों का शुभारंभ



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कोलार में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मल्टीपर्पज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण किया। इस अवसर पर खेल मंत्री विश्वास सारंग, मंत्री राव उदयप्रताप सिंह और विधायक रामेश्वर शर्मा मौजूद रहे।

स्वदेश ज्योति संवाददाता, भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार गरीब, किसान, महिला एवं युवा कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा और विजन के अनुरूप वर्ष-2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए राज्य सरकार विकास और सुशासन की गतिविधियां जारी रखते हुए हरसंभव सहयोग और योगदान दे रही है। इसी क्रम में हुजूर विधानसभा क्षेत्र के श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर (कोलार) में मंगलवार को 194 करोड़ रुपए लागत के विकास और जनकल्याण के तीन बड़े कार्य भोपालवासियों को समर्पित किए जा रहे हैं। इसमें कटारा-बर्रई क्षेत्र में नवनिर्मित सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण, कोलार में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मल्टी स्पोर्ट्स स्टेडियम का लोकार्पण और अमृत 2.0 के अंतर्गत अधोसंरचना निर्माण कार्य का शुभारंभ शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हुजूर विधानसभा क्षेत्र के कटारा-बर्रई (वार्ड नं. 85) में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नाम से बड़ा स्पोर्ट्स स्टेडियम बनाने की घोषणा की। उन्होंने श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर (कोलार) में 16 एकड़ भूमि पर नया दशहरा मैदान बनाने एवं कोलार में बेहतर कानून व्यवस्था के लिए कजलीखेड़ा में नया थाना बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को महान राष्ट्र नायक, प्रखर राष्ट्रवादी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम से सुशोभित मुखर्जी नगर (कोलार) के बंजारी क्षेत्र में आयोजित विकास पर्व कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

### भविष्य के चैंपियंस का लॉन्च पैड बनेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोलार क्षेत्र में आधुनिक खेल परिसर 9 एकड़ भूमि पर 11 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से तैयार किया गया है। इस खेल परिसर से भोपाल और आसपास के युवाओं को प्रशिक्षण और अभ्यास की सुविधा मिलेगी और खेलों के प्रति युवाओं का रुझान बढ़ेगा। आधुनिक खेल स्टेडियम भविष्य के चैंपियंस का लॉन्च पैड बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में स्पोर्ट्स स्टेडियम का निर्माण करवाया जा रहा है, जिससे खिलाड़ियों की प्रतिभा निखर कर सामने आ सके और वे राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश का नाम रोशन करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 29 करोड़ रुपए की लागत से कटारा-बर्रई में नवनिर्मित सांदीपनि विद्यालय से क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिकतम शिक्षा सुविधा और संसाधन उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि 155 करोड़ रुपए की लागत से अमृत 2.0 परियोजना के विभिन्न कार्यों का शुभारंभ किया जा रहा है। इसमें 700 किलोमीटर का सीवेज नेटवर्क, 171 एमएलडी के 9 सीवेज उपचार संयंत्रों का निर्माण और 1 लाख 21 हजार घरेलू सीवेज कनेक्शन का संयोजन शामिल है। यह पूरी परियोजना चार पैकेज में क्रियान्वित होगी। इन कार्यों के पूर्ण होते ही भोपाल का सीवेज नेटवर्क 60 प्रतिशत तक बढ़ जाएगा और उपचार क्षमता में भी वृद्धि होगी, जो भोपाल शहर में वर्ष 2040 की आवश्यकता का 85 प्रतिशत है। अमृत 2.0 परियोजना के पूर्ण होने से भोपाल की लगभग 7 लाख आबादी सीधे लाभान्वित होगी और यह परियोजना 3 वर्ष में पूर्ण कर ली जाएगी।

### महापुरुषों के नाम पर होंगे प्रमुख मार्गों पर भव्य द्वार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहाकि भोपाल शहर के प्रमुख मार्गों पर महापुरुषों के नाम पर 7 भव्य द्वार तैयार किए जाएंगे। सरकार के सफलतम दो वर्ष पूर्ण होने पर 13 दिसम्बर को इन्दौर-सीहोर मार्ग पर भव्य विक्रमादित्य द्वार का भूमिपूजन किया जाएगा। भोपाल में बनने वाला एक द्वार राजा भोज को समर्पित किया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री ने विकास की धारा को आगे बढ़ाया: सारंग

खेल मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में समग्र विकास की नई धारा को आगे बढ़ाया है। शहरों के अधोसंरचना विकास, शालेय शिक्षा और खेल को समान महत्व देते हुए कोलार क्षेत्र में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और सांदीपनि विद्यालय के साथ 155 करोड़ रुपए से अधिक लागत की सीवेज लाइन की सौगात भी मिल रही है। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव लगातार प्रदेश में किसी न किसी स्थान पर सांदीपनि विद्यालय की सौगात दे रहे हैं।

### विकास पर्व के लिए आज से बड़ा दिन नहीं : रामेश्वर

हुजूर विधानसभा के विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश जिस गति से विकास की ओर अग्रसर है, उसी दिशा में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव प्रदेश को नई ऊंचाईयों पर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। निश्चित रूप से विकास पर्व के लिए आज 25 नवंबर से बड़ा दिन कुछ नहीं हो सकता। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण (राज्यमंत्री) कृष्णा गौर, भोपाल महापौर मालती राय, विधायक भगवान दास सबनानी, जिला अध्यक्ष रविंद्र यति तथा बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं नागरिक उपस्थित थे।

# दिनांक 26 नवम्बर 2025 को प्रकाशित समाचार पत्र

# देशबंधु, भोपाल

### प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में की थी विचारपुरा के खिलाड़ियों की प्रशंसा, सरकार ने प्रशिक्षण के लिए भेजा था विदेश

## मुख्यमंत्री से मिले मिनी ब्राजील के होनहार खिलाड़ी, साझा किए जर्मन यात्रा के अनुभव



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शहडोल के ग्राम विचारपुर के फुटबॉल खिलाड़ियों ने मंगलवार को मंत्रालय में भेंट की। खिलाड़ियों के साथ उनके जर्मन प्रशिक्षक डाइटमर बायर्सडार्फर, मैनुअल शेफ़र और खेल संचालक राकेश गुप्ता भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समस्त खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई और भावी स्पर्धाओं में सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दोनों अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षकों का स्वागत किया।

शहडोल जिले के ग्राम विचारपुर को मिनी ब्राज़ील की संज्ञा दी गई है। यह खिलाड़ी हाल ही में जर्मनी की अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण यात्रा से लौटे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में भी शहडोल जिले के खिलाड़ियों की प्रशंसा की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खेल विभाग को निर्देश दिए थे कि विचारपुर अर्थात मिनी ब्राजील के फुटबाल खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के लिए जर्मन यात्रा पर भेजा जाए। इसके लिए खेल विभाग और भारतीय दूतावास द्वारा आवश्यक वित्तीय और प्रशासन व्यवस्थाएं की गईं। खिलाड़ियों को फुटबॉल किट, स्पोर्ट्स शूज़ उपलब्ध करवाने के साथ ही उनका फिटनेस मूल्यांकन और मेडिकल परीक्षण करवाकर विदेश यात्रा के पूर्व प्रशिक्षण सत्रों का संचालन किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को शहडोल जिले के विचारपुर के फुटबॉल खिलाड़ियों ने 4 से 12 अक्टूबर तक जर्मनी में प्राप्त प्रशिक्षण के अनुभव शेयर किये। जर्मनी से 14 अक्टूबर को भोपाल पहुंचने पर खिलाड़ियों का स्वागत भी हुआ। इस सप्ताह जर्मन फुटबॉल कोच डाइटमर बायर्सडार्फर और मैनुअल शेफ़र विचारपुर पहुंचे। दोनों कोच खिलाड़ियों के परिवार-जन से भी मिले। जर्मन प्रशिक्षकों द्वारा भोपाल के तात्या टोपे नगर स्टेडियम में फुटबॉल खिलाड़ियों से भी मुलाकात की।

# दिनांक 26 नवम्बर 2025 को प्रकाशित समाचार पत्र

# दैनिक जागरण, भोपाल

## जर्मनी से लौटे खिलाड़ियों ने सीएम से की भेंट



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मंगलवार को शहडोल के ग्राम विचारपुर के फुटबॉल खिलाड़ियों और उनके जर्मन प्रशिक्षक डाइटमर बायर्सडार्फर, मैनुअल शेफर ने सौजन्य भेंट की। हाल ही में ये बच्चे जर्मनी से फुटबॉल का प्रशिक्षण लेकर भोपाल लौटे हैं। मुख्यमंत्री ने इस बच्चों से उनके अनुभव भी जाने।

## दिनांक 26 नवम्बर 2025 को प्रकाशित समाचार पत्र

# नवदुनिया, भोपाल

# भारत में फुटबाल का भविष्य उज्जवल : प्रशिक्षक बीयर्सडार्फ

नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: खेलमंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मंगलवार को जर्मनी के प्रतिष्ठित फुटबाल क्लब एफसी इनगोलस्टडट 04 के सीइओ एवं प्रसिद्ध प्रशिक्षक डाइटमार बीयर्सडार्फ से मंत्रायल में मुलाकात की। उन्होंने बीयर्सडार्फ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा विचारपुर (मिनी ब्राजील) के प्रतिभावान खिलाड़ियों से प्रत्यक्ष संवाद, आधुनिक प्रशिक्षण प्रदान किया है। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसा संवाद और सहयोग हमारे खिलाड़ियों के भविष्य को नई ऊंचाई देगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मप्र के शहड़ोल जिले के विचारपुर गांव का उल्लेख किए जाने के बाद इस छोटे से आदिवासी क्षेत्र ने देश और दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। प्रशिक्षक डाइटमार बीयर्सडार्फ ने कहा कि भारत में फुटबाल का भविष्य उज्ज्वल है।



खेलमंत्री विश्वास सारंग और जर्मन प्रशिक्षक चर्चा करते हुए। • सौजन्य: आयोजक

# दिनांक 26 नवम्बर 2025 को प्रकाशित समाचार पत्र

# The Times of India, Bhopal

## Before tour, state gifts new kits to Mini-Brazil



German football coach Dietmar Beiersdorfer calls on CM in city

**Bhopal:** Football players from Vicharpur village in Shahdol district, popularly known as 'Mini Brazil', had a courtesy call on chief minister Mohan Yadav at the Mantralaya on Tuesday. The players were accompanied by their German coaches, Dietmar Beiersdorfer and Manuel Schäfer and director, sports Rakesh Gupta.

CM Yadav congratulated all the players for their excellent performance and extended best wishes for success in future tournaments. He also welcomed both international coaches. The players from Vicharpura recently returned from an international training tour in Germany. On the instructions of chief minister Yadav, the sports department arranged for the journey of the football players of Vicharpur to Germany for training. The sports department and the Indian Embassy facilitated the required financial and administrative arrangements. Before their foreign tour, the players were provided with football kits, sports shoes, fitness assessments, medical check-ups and pre-tour training sessions. TNN

# दिनांक 26 नवम्बर 2025 को प्रकाशित समाचार पत्र

# हरिभूमि, भोपाल

हरिभूमि

epaper.haribhoomi.com
Bhopal Main - 26 Nov 2025 - Page 13

### मंत्री सारंग ने की जर्मन फुटबॉल कोच डाइटमार बीयर्सडॉर्फ से मुलाकात

## विचारपुर के खिलाड़ी अब सिर्फ मप्र ही नहीं बल्कि पूरे देश की शानः सारंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने मंगलवार को मंत्रालय में जर्मनी के प्रतिष्ठित फुटबॉल क्लब एफसी इंगोलस्टेड 04 के सीइओ एवं कोच डाइटमार बीयर्सडॉर्फ से मुलाकात की।

सारंग ने कोच बीयर्सडॉर्फ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा विचारपुर (मिनी ब्राजील) के प्रतिभावान खिलाड़ियों से प्रत्यक्ष संवाद, आधुनिक प्रशिक्षण विधियां और अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल शैली से परिचित कराना, युवा खिलाड़ियों के लिए एक अमूल्य अवसर है। सारंग ने कहा कि यह मुलाकात न केवल खेल क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को नई दिशा देने वाली रही बल्कि प्रदेश के उभरते खिलाड़ियों के उत्साह को भी गति प्रदान करने वाली साबित हुई। सारंग ने कहा कि विचारपुर के खिलाड़ी अब सिर्फ मध्यप्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश की शान हैं।



### भारत में फुटबॉल का भविष्य उज्ज्वल

कोच डाइटमार बीयर्सडॉर्फ ने मंत्री सारंग से विचारपुर के अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि भारत में फुटबॉल का भविष्य उज्ज्वल है। आगे उन्होंने कहा कि विचारपुर के खिलाड़ी कठिन परिस्थितियों के बावजूद जिस जुनून, अनुशासन और सीखने की उत्सुकता के साथ खेलते हैं, वह अंतरराष्ट्रीय मानकों को छूता है जो भविष्य में बड़े स्तर तक ले जा सकता है।

# दिनांक 26 नवम्बर 2025 को प्रकाशित समाचार पत्र

# नवदुनिया, भोपाल

## भारत में फुटबाल का भविष्य उज्जवल : प्रशिक्षक बीयर्सडार्फ



खेलमंत्री विश्वास सारंग और जर्मन प्रशिक्षक चर्चा करते हुए। ● सौजन्य : आयोजक

**नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल :** खेलमंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मंगलवार को जर्मनी के प्रतिष्ठित फुटबाल क्लब एफसी इनगोलस्टडट 04 के सीइओ एवं प्रसिद्ध प्रशिक्षक डाइटमार बीयर्सडार्फ से मंत्रायल में मुलाकात की। उन्होंने बीयर्सडार्फ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा विचारपुर (मिनी ब्राजील) के प्रतिभावान खिलाड़ियों से प्रत्यक्ष संवाद, आधुनिक प्रशिक्षण प्रदान किया है। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसा संवाद और सहयोग हमारे खिलाड़ियों के भविष्य को नई ऊंचाई देगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मप्र के शहड़ोल जिले के विचारपुर गांव का उल्लेख किए जाने के बाद इस छोटे से आदिवासी क्षेत्र ने देश और दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। प्रशिक्षक डाइटमार बीयर्सडार्फ ने कहा कि भारत में फुटबाल का भविष्य उज्ज्वल है।

# दिनांक 26 नवम्बर 2025 को प्रकाशित समाचार पत्र

# राष्ट्रीय हिंदी मेल, भोपाल

राष्ट्रीय हिन्दी मेल
दिनांक- 26/11/2025 पृष्ठ क्रमांक- 3 संस्करण- भोपाल

## मंत्री ने की जर्मन फुटबॉल कोच
## डाइटमार बीयर्सडॉर्फ से भेंट




**भोपाल।** सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री कैलाश सारंग ने मंगलवार को मंत्रालय में जर्मनी के प्रतिष्ठित फुटबॉल क्लब के सीइओ एवं प्रसिद्ध कोच डाइटमार बीयर्सडॉर्फ से भेंट की। मंत्री सारंग ने कोच बीयर्सडॉर्फ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा विचारपुर (मिनी ब्राजील) के प्रतिभावान खिलाड़ियों से प्रत्यक्ष संवाद, आधुनिक प्रशिक्षण विधियाँ और अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल शैली से परिचित कराना, युवा खिलाड़ियों के लिए एक अमूल्य अवसर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार खिलाडयिों को वैश्विक स्तर पर तैयार करने के लिए हर सम्भव प्रयास कर रही है। यह मुलाकात न केवल खेल क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को नई दिशा देने वाली रही बल्कि प्रदेश के उभरते खिलाडयिों के उत्साह को भी गति प्रदान करने वाली साबित हुई। मंत्री सारंग ने कहा कि विचारपुर के खिलाड़ी अब सिर्फ मध्यप्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश की शान हैं। इन प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ऐसा संवाद और सहयोग निश्चित रूप से हमारे खिलाड़ियों के भविष्य को नई ऊंचाई देगा। आगे मंत्री सारंग ने उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मध्यप्रदेश के शहड़ोल जिले के विचारपुर (मिनी ब्राजील) गांव का उल्लेख किए जाने के बाद इस छोटे से आदिवासी क्षेत्र ने देश और दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। प्रधानमंत्री मोदी ने न केवल मन की बात कार्यक्रम में इसकी चर्चा की थी बल्कि अमेरिका के प्रसिद्ध पॉडकास्ट लेक्स फ्राइडमैन के साथ बातचीत में भी विचारपुर के फुटबॉल प्रेम का विशेष उल्लेख किया था। कोच डाइटमार बीयर्सडॉर्फ ने मंत्री सारंग से भेंट के दौरान विचारपुर (मिनी ब्राजील) के अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि भारत में फुटबॉल का भविष्य उज्ज्वल है। फुटबॉल खेल के प्रति उनका निःस्वार्थ प्रेम वास्तव में प्रेरणादायक है। आगे उन्होंने कहा कि विचारपुर के खिलाड़ी कठिन परिस्थितियों के बावजूद जिस जुनून, अनुशासन और सीखने की उत्सुकता के साथ खेलते हैं, वह अंतरर्राष्ट्रीय मानकों को छूता है जो भविष्य में बड़े स्तर तक ले जा सकता है।

Date: 26/11/2025, Page: 3, City: Bhopal
Web: rashtriyahindimail.com
राष्ट्रीय हिन्दी मेल

# दिनांक 26 नवम्बर 2025 को प्रकाशित समाचार पत्र

# फ्री प्रेस, भोपाल

## 'Future of football in India is bright'

**Our Staff Reporter**
BHOPAL



German football legend and former coach Dietmar Beiersdorfer with football players of Shahdol's Vicharpur village calls on CM Mohan Yadav at Mantralaya on Tuesday

The CEO of German football club FC Ingolstadt 04 Dietmar Beiersdorfer said the future of football in India was bright.

Their selfless love for the game is truly inspiring. The passion, discipline, and eagerness to learn with which Vicharpur players play, despite difficult conditions, are at par with international standards, which can propel them to greater heights in the future, he added.

Beiersdorfer and club's technical coach Manuel Schaefer were in the city on Tuesday and met chief minister Mohan Yadav and sports and youth welfare minister Vishvas Sarang.

Vicharpur was designated as Mini Brazil of India by Prime Minister Narendra Modi in this Mann Ki Baat radio programme. Players from Vicharpur had recently travelled to Germany for coaching at the club. They were trained by Dietmar Beiersdorfer.

THE FREE PRESS JOURNAL
Wed, 26 November 2025
https://epaper.freepressjournal.in/c/78616214

## दिनांक 26 नवम्बर 2025 को प्रकाशित समाचार पत्र

# राज एक्सप्रेस, भोपाल

# आठवीं चैलेंजर्स और 45वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप आज से

### मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव करेंगे शुभारंभ



मध्य प्रदेश अकादमी के रोइंग खिलाड़ी अभ्यास करते हुए। ● सौजन्य: आयोजक

नप्र, भोपाल: 8वीं इंटर स्टेट चैलेंजर्स एवं 45वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप का बुधवार से बड़े तालाब पर शुरू हो रही है। शुभारंभ सुबह 8.30 बजे मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव करेंगे। खेलमंत्री विश्वास सारंग, खेल संचालक राकेश गुप्ता व संयुक्त संचालक बीएस यादव मौजूद थे। इस प्रतियोगिता में 23 राज्यों के लगभग 500 खिलाड़ी अपना कौशल दिखा रहे हैं। इस प्रतियोगिता में मेजबान मप्र के 51 खिलाड़ी भाग ले रहे है। प्रशिक्षक दलबीर सिंह राठौर ने बताया कि हमारे खिलाड़ियों ने इसके लिए जोरदार तैयारी की है।

# दिनांक 26 नवम्बर 2025 को प्रकाशित समाचार पत्र

# राज एक्सप्रेस, भोपाल

## 8वीं इंटर स्टेट चैलेंजर्स एवं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप आज से

भोपाल, खेप्र। शहर के बड़े तालाब पर आठवीं इंटर स्टेट चैलेंजर्स एवं 45वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप 26 नवंबर से शुरू होने जा रही है, जिसका समापन 30 नवंबर को होगा। भारतीय रोईंग संघ के तत्वावधान में खेल विभाग द्वार आयोजित प्रतियोगिता में 23 राज्यों के लगभग 500 खिलाड़ी प्रतिभागिता करेंगे। खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। प्रतियोगिता में जूनियर एवं इंटर-स्टेट दोनों श्रेणियों में अत्याधुनिक रोइंग बोट्स के माध्यम से प्रतिभागी अपनी शारीरिक क्षमता, गति, कौशल और अनुशासन का प्रदर्शन करेंगे। खेल मंत्री ने कहा कि भोपाल का बड़ा तालाब वॉटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिताओं के लिए एक खूबसूरत और उपयोगी स्थल है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश वर्तमान में नेशनल रोइंग खेल में नेशनल चैंपियन भी है। यह हमारे खिलाड़ियों की मेहनत और प्रदेश की खेल नीतियों का परिणाम है। प्रतियोगिताओं से खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने के लिए उत्कृष्ट मंच मिलेगा।

